नियत कार्य

परास्नातक कला (शिक्षा) प्रथम वर्ष

(जनवरी–2023)

एवं

(जुलाई–2023)

शिक्षा विद्यापीठ
इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068

नियतकार्य

परास्नातक कला (शिक्षा) प्रथम वर्ष

जनवरी–2023

एवं

जुलाई–2023

कृपया ध्यान दें :

अ) नियतकार्यों के उत्तर (ए आर) अपने कार्यक्रम अध्ययन केन्द्र के कार्यक्रम प्रभारी के पास स्वयं जमा किये जा सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भेजे जा सकते हैं।

ब) आप को अपनी भलाई के लिए सभी नियतकार्यों की एक–एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखनी चाहिए।

एम.ई.एस.–011 : शिक्षा की समझ

नियतकार्य : 01

अ) विद्यालयी शिक्षा और अधिगम से शिक्षा को किस प्रकार भिन्न दिखलाया जाता है ? उपयुक्त उदाहरणों द्वारा व्याख्या कीजिए। (500 शब्द)

ब) निःशुल्क शिक्षा और अनिवार्य प्रारंभिक शिक्षा से सम्बन्धित अनुच्छेदों के विशेष सन्दर्भ में भारत में शिक्षा के संवैधानिक प्रावधानों का वर्णन कीजिए। (500 शब्द)

स) राष्ट्र के विकास के लिए शिक्षा के विविध आयामों और उनके निहितार्थों का समीक्षात्मक परीक्षण कीजिए। (500 शब्द)

एम.ई.एस.–012 : शिक्षा : प्रकृति एवं प्रयोजन

नियतकार्य : 01

अ) शास्त्र (डिस्सिप्लिन) की अवधारणा और प्रकारों की व्याख्या कीजिए। क्या शिक्षा एक शास्त्र है ? अपने उत्तर को न्यायसंगत सिद्ध कीजिए। (500 शब्द)

ब) दार्शनिक विचारों और शिक्षा के उद्देश्यों के सम्बन्ध में आदर्शवाद और प्रकृतिवाद में अन्तर स्पष्ट कीजिए। (500 शब्द)

स) मान लीजिए आप अपने राज्य में माध्यमिक विद्यालय स्तर की पाठ्यचर्या विकसित करने के लिए सौंपी गई पाठ्यचर्या विकास समिति के एक सदस्य हैं। माध्यमिक स्तर की पाठ्यचर्या विकसित करते समय आप की समिति किन कदमों का पालन करेगी? वर्णन कीजिए। (500 शब्द)

एम.ई.एस.–013 : अधिगम, अधिगमकर्ता एवं विकास

नियतकार्य : 01

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिएः

अ) अधिगम में वायगोत्स्की के सामाजिक–सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य और इसके शैक्षिक निहितार्थों की परिचर्चा कीजिए। (500 शब्द)

ब) सामाजीकरण में वर्ग–भिन्नतायें बच्चों के अधिगम को किस प्रकार प्रभावित करती हैं ? परिचर्चा कीजिए। (500 शब्द)

स) भावात्मक अधिगम की अवधारणा और प्रकृति की व्याख्या कीजिए। अपने शिक्षार्थियों में भावात्मक अधिगम का विकास करने के लिए पाठ्यचर्या–सम्बन्धी अनुभवों के चयन एवं संगठन के लिए रणनीतियाँ सुझाइये। (500 शब्द)

एम.ई.एस.–014 : शिक्षा का सामाजिक सन्दर्भ

नियतकार्य : 01

अ) सामाजिक गतिशीलता की अवधारणा और रूपों की व्याख्या कीजिए। सामाजिक गतिशीलता को प्रभावित करने वाले कारकों की उपयुक्त उदाहरणों द्वारा परिचर्चा कीजिए। (500 शब्द)

ब) एक अनुदेशनात्मक निवेश के रूप में शिक्षक के महत्व की व्याख्या कीजिए। पाठ्यचर्या की योजना, संव्यवहार एवं मूल्यांकन में उसके/उसकी भूमिका की परिचर्चा कीजिए। (500 शब्द)

स) वैकल्पिक शिक्षा की अवधारणा की व्याख्या कीजिए। वैकल्पिक शिक्षा के व्यवहारों के दार्शनिक एवं समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्यों का समीक्षात्मक विश्लेषण कीजिए। (500 शब्द)

एम.ई.एस.–015 : शिक्षा के परिचालन आयाम

नियतकार्य : 01

अ) सभी के लिए शिक्षा (ई.एफ.ए.) के अर्थ और लक्ष्यों की व्याख्या कीजिए। ई.एफ.ए. के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सर्वशिक्षा अभियान (एस.एस.ए.) की भूमिका की परिचर्चा कीजिए।

(500 शब्द)

ब) केन्द्र, राज्य और समुदाय स्तरों पर संसाधनों का प्रबन्धन किस प्रकार किया जाता है ? वर्णन कीजिए। (500 शब्द)

स) माध्यमिक स्तर पर अपनी पसन्द के एक शीर्षक की पहचान कीजिए। रेखीय प्रणाली (लीनियर स्टाइल) का पालन करते हुए अभिक्रमित अधिगम सामग्रियों (पी.एल.एम.) के दस फ्रेम तैयार कीजिए। इन फ्रेमों को तैयार करते समय आप किन कदमों का पालन करेंगे ? वर्णन कीजिए। (500 शब्द)

एम.ई.एस.–016 : शैक्षिक शोध

नियतकार्य : 01

अ) गुणात्मक शोध के अर्थ और विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। गुणात्मक शोध मात्रात्मक शोध से किस प्रकार भिन्न है ? परिचर्चा कीजिए। (500 शब्द)

ब) सम्बन्धित साहित्य के सर्वेक्षण के अर्थ एवं महत्व की व्याख्या कीजिए। आप शिक्षा में शोध अध्ययन के लिए सम्बन्धित साहित्य का सर्वेक्षण किस प्रकार पूरा करेंगे ? वर्णन कीजिए।

(500 शब्द)

स) एक ऐसी समस्या की पहचान कीजिए जिसका कि अनुभव आप ने भारत में विद्यालय अथवा उच्च शिक्षा पद्धति में किया हो। उसी समस्या पर शोध अध्ययन संचालित करने के लिए एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार कीजिए। (500 शब्द)

****